**जनपद उत्तरकाशी में ज्ञानसू–साल्ड मोटर मार्ग से उपला बस्ती ज्ञानसू तक मोटर मार्ग हेतु प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।**

1. प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग उत्तरकाशी के अन्तर्गत 1.250 कि0 मी0 लम्बाई में ज्ञानसू–साल्ड मार्ग से उपला बस्ती ज्ञानसू तक मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 उत्तरकाशी के अनुरोध पर प्रस्तावित समरेखन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक 4.1.2015 को सम्बंधित सहायक अभियन्ता श्री मनमोहन सिंह के साथ निरीक्षण किया गया।

2. राज्य योजना के अन्तर्गत ज्ञानसू–साल्ड मोटर मार्ग से उपला बस्ती ज्ञानसू तक 1.00 कि0मी0 लम्बाई में मोटर मार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत है। मार्ग के निर्माण हेतु सम्बंधित खण्ड द्वारा दो समरेखनों पर प्रारम्भिक सर्वेक्षण किया गया है। समरेखन संख्या एक में कोई हेयर पिन बैण्ड नही है, तथा इसी पर स्थानीय ग्रामवासियों की भी सहमति है। अतः प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0 उत्तरकाशी के द्वारा समरेखन संख्या एक के अनुसार मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव है। इस समरेखन के अनुसार मार्ग की वास्तविक लम्बाई 1.250 कि0 मी0 होगी। प्रस्तावित समरेखन ज्ञानसू–साल्ड मोटर मार्ग के कि0 मी0 1 के कास सैक्शन 0/38 से हिलसाईड में आरम्भ होता है तथा निर्धारित 1.250 कि0 मी0 लम्बाई में उपला बस्ती ज्ञानसू को जोड़ कर पूर्ण होता है। प्रस्तावित समरेखन 1:20 के राईज ग्रेड में होता है तथा इसमें एक भी एच0 पी0 बैण्ड नही है। अवगत कराया गया कि समरेखन नाप भूमि एवं सिविल भूमि से होकर गुजरता है। समरेखन क्षेत्र में कहीं–कहीं क्वार्टजाईट चट्टान है, जबकि अधिकांश भाग में डेब्री का ओवरबर्डन है। समरेखन के अंतिम कुछ भाग में कहीं–कहीं पहाड़ी ढलान अपेक्षाकृत तीव्र प्रतीत होता है। स्थल निरीक्षण के दिन समरेखन क्षेत्र में प्रथम दृष्टया कोई अस्थिरता दृष्टिगोचर नहीं हुई।

3. समरेखन क्षेत्र की भूगर्भीय स्थिति, भू– आकृति एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुये निम्न सुझाव दिये जा रहे है, जिन्हे प्रस्तावित मार्ग निर्माण में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

(i) यथासम्भव मार्ग की पूरी चौड़ाई कटान करके प्राप्त की जाये। यह भविष्य में मार्ग की स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जहॉ रिटेनिंग दीवार का निर्माण अपरिहार्य हो वहॉ इनका निर्माण फर्म स्ट्रैटा पर समुचित परिकल्पना के आधार पर कराया जाये।

(ii) मार्ग के आरम्भ में टेक आफ प्वाइन्ट कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाया जाये।

(iii) समरेखन के समीप स्थित घरों से सुरक्षित दूरी रखते हुये बिना विस्फोटकों का प्रयोग किये मार्ग कटान किया जाये।

(7)

(iv) समरेखन में तीव्र पहाड़ी ढलान वाले भाग में सावधानीपूर्वक मार्ग कटान किया जाये जिस कोई अस्थिरता उत्पन्न न हो।

(v) जहाँ मार्ग कटान की ऊंचाई अधिक हो और स्ट्रेटा कमजोर हो, उस भाग में मार्ग कटान साथ--साथ समुचित ब्रेस्ट वाल का निर्माण कराया जाये।

(vi) जहाँ आवश्यक हो, मार्ग के ऊपर व नीचे पहाडी ढलान पर समुचित पौधों का रोपण कि जाये, जिससे ढलानों पर भूक्षरण की प्रक्रिया को नियंत्रित रखा जा सके।

(vii) वर्षा के पानी की समुचित निकासी हेतु रोडसाईड ड्रेन एवं स्कपर का प्रावधान किया जायें यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्कपर के पानी से भूक्षरण न हो।

(viii) पर्वतीय क्षेत्र में मार्ग निर्माण के लिये निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानको ए विशिष्टियों का भी पालन किया जायें।

4 ज्ञानसू–साल्ड से उपला बस्ती ज्ञानसू तक मोटर मार्ग हेतु 1.250 कि0 मी0 लम्बाई का प्रस्तावि समरेखन वर्तमान परिस्थितियों में उपरोक्त सुझावों के साथ मार्ग निर्माण के लियें उपयुक्त प्रती होता है। इस हेतु प्रस्तावित भूमि भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त है।

टिप्पणी:--

भूमि हस्तातरण की दृष्टि से समरेखन क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं खण्ड द्वारा उपलब्ध करायें गये सर्वेक्षण विवरण के आधार पर यह एक जनरलाइज्ड आख्या है। मार्ग कटान के पश्चात स्थिति में परिवर्तन भी सम्भव है। समरेखन/मार्ग पर किसी विशिष्ट बिन्दु पर यदि सुझाव की आवश्यकता हो तो उसे अलग से अवगत कराया जाये।

H Kumar
19.2.15

(हर्ष कुमार)
वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0)
लोक निर्माण विभाग